Bareilly, Friday,
19 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO 2 : TOP

# मैच में UP ने बनाई 45 रन की बढ़त

**बंगाल के 171 रन के जवाब में यूपी ने आठ विकेट पर बनाए 216 रन**



मैच में वेस्ट बंगाल के बालरों पर भारी पड़ते दिखे यूपी के बल्लेबाज.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (18 Dec):** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 मैच के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश और बंगाल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया. मौसम के अनुकूल होते ही खेल को आगे बढ़ाया गया और दर्शकों की मौजूदगी में मुकाबला रोमांचक रहा. दिन का खेल शाम 4.55 बजे कम रोशनी के कारण रोक दिया गया, तब तक उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में बंगाल पर 45 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है.

## सुबह 10.20 बजे खेल शुरू

यूपीसीए के निर्देश पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जिले के भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार ट्राफी में मौसम ने तीसरे दिन राहत दी. रोशनी और दृश्यता बेहतर होने पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायरों से विचार-विमर्श कर सुबह 10.20 बजे खेल शुरू कराने का निर्णय लिया. बंगाल ने पहले दिन के तीन विकेट पर 89 रन से आगे खेलना शुरू किया. आदित्य राय और अभिप्राय बिस्वास ने आक्रामक रुख अपनाते हुए तेजी से रन जोड़े, लेकिन दोनों मिलकर केवल 12 रन ही जोड़ सके थे कि यश पंवार की गेंद पर आदित्य ने युवराज को हाथों में कैच थमा दिया. आदित्य ने 44 गेंदों पर 40 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे. इसके बाद अभिप्राय बिस्वास और विराट चौहान ने पारी को संभालने की कोशिश की. अभिप्राय ने 38 गेंदों पर 41 रन बनाए, जिसमें आठ चौके शामिल थे, जबकि विराट चौहान ने 29 गेंदों में 32 रन की उपयोगी पारी खेली. इन दोनों के प्रयासों के बावजूद उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए और बंगाल की पूरी टीम 33.1 ओवर में 171 रन पर सिमट गई.

## यूपी की टीम की शुरुआत रही हल्की

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि कुछ खास नहीं रही. ओपनर शांतनु सिंह बिना खाता खोले सिद्धार्थ घोष की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिससे टीम का पहला विकेट 13 रन पर गिरा. इसके बाद अनमोल का साथ देने युवराज क्रीज पर आए और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 124 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. युवराज ने 107 गेंदों पर 75 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल रहे.




मैच शुरू होने से पहले अतिथियों का किया सम्मान.

## गेस्ट ने लिया खेल का आनंद

तीसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए डीआइजी अजय साहनी, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्रा, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर अकरम सैफी, पूर्व रणजी खिलाड़ी मोहम्मद असलम खान और प्रेम प्रकाश अग्रवाल स्टेडियम पहुंच और सभी ने मैच का लुत्फ उठाया. अतिथियों ने स्टेडियम की सुविधाओं की सराहना की.